certain parts of the country, which affected adversely the anticipation of the rabi crops of 1969-70.

(c) In the case of jute, the price of the basic variety was quoted at Calcutta at the end of January this year as Rs. 136.64 per quintal as against Rs. 203.62 last year.

डाक विभाग में कुप्रबन्ध

*266. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री डाक विभाग में कुप्रबन्ध के बारे में 18 दिसम्बर, 1969 को अतारांकित प्रश्न संख्या 4489 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विशिष्ट मामलों की जांच इस बीच पूरी हो गई है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस सम्बन्ध में की गई अग्रेतर कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री (श्री सत्यनारायण सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग). 'आज' के 15 दिसम्बर, 1969 के अंक में छपे लेख में पत्रों के खो जाने और वितरण में विलम्ब के कुल पांच मामलों का उल्लेख किया गया था। उनमें से एक मामले में, जो 1969 में इलाहाबाद के एक क्षेत्र में तीन दिन तक डाक वस्तुओं का वितरण न किये जाने के संबन्ध में था, यह पाया गया कि यह तथ्यों पर आधारित नहीं था। दो मामले कुछ वर्ष पूर्व हुए बताए गए हैं। इस समय लेखक को उनके संबन्ध में कोई शिकायत नहीं थी। शिकायतों के शेष दो मामले पत्रों के खो जाने और उनके कथित जलाए जाने के बारे में है, जो सुनी-सुनाई बात पर आधारित हैं। उनके संबन्ध में सचाई का पता लगाने के लिए अभी प्रयत्न किए जा रहे हैं।

भूमि अर्जन पुनरीक्षण समिति का प्रतिवेदन

267. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को श्री ए०एन० मुल्ला की अध्यक्षता में नियुक्त भूमि अर्जन पुनरीक्षण समिति का प्रतिवेदन मिल गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उसके बारे में विभिन्न राज्य सरकारों की क्या प्रतिक्रिया है तथा उस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :(क) प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च, 1970 तक बढ़ा दी गई है।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं होते।

Aid to States Accelerating Agricultural Production Programme

*268. SHRI VISHWA NATH PANDEY Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that many state have approached the Centre for more funds for accelerating agricultural production programme ;

(b) if so, the names of those States ; and

(c) Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.